भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2517
दिनांक 10 अगस्त 2026

अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों का निर्धारण, ईंधन के खुदरा विक्रय मूल्य और ओएमसी के विपणनगत लाभ

2517 **श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2020 से लेकर आज की तिथि तक अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों और भारत में तेल विपणन कंपनियों द्वारा पेट्रोल और डीज़ल के खुदरा विक्रय मूल्य का माह-वार तुलनात्मक ब्यौरा क्या है;

(ख) उन अवधियों के दौरान, जब अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के कीमतें गिरीं लेकिन खुदरा कीमतें कम नहीं की गईं, तेल विपणन कंपनियों द्वारा पेट्रोल और डीज़ल पर प्रति लीटर कितना विपणनगत लाभ अर्जित किया गया;

(ग) कीमतों में बदलाव न करने की अवधि के दौरान ओएमसी द्वारा अर्जित कुल अतिरिक्त आय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ ने खुदरा कीमतों में संशोधन को युक्तिसंगत ठहराने के लिए प्रयोग किए जाने वाले यथोचित लाभ मानकों के आधार पर इस अर्जित लाभ का आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के मूल्य दिन-प्रतिदिन परिवर्तित होते रहते हैं। तथापि, भारतीय कच्चे तेल की बास्केट के मूल्य जनवरी 2020 से जुलाई 2026 के बीच $19.90/बैरल और $114.48 /बैरल तक परिवर्तित हुए हैं।

जनवरी 2020 से दिल्ली में पेट्रोल और डीज़ल के माह-वार औसत खुदरा विक्रय मूल्य अनुलग्नक-I में दिए गए हैं।

(ख) से (घ) सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियाँ (ओएमसीज़) अपने वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट मुख्यतः डाउनस्ट्रीम पेट्रोलियम गतिविधि के अंतर्गत प्रस्तुत करती हैं, जिनमें पेट्रोलियम उत्पादों की रिफाइनिंग एवं विपणन, पेट्रोकेमिकल्स तथा अन्य व्यवसायिक स्ट्रीम शामिल हैं। ओमसीज़ द्वारा, वाणिज्यिक गोपनीयता तथा विनिर्दिष्ट परिष्कृत उत्पादों के बीच लागत आवंटन संबंधी जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए उनके वित्तीय विवरणों को उत्पाद-वार अथवा मार्जिन को अलग-अलग रिपोर्ट नहीं किया जाता है।

वर्ष 2020-21 से पीएसयू ओएमसीज़ के कर (पीएटी) के बाद स्टैन्ड अलोन लाभ / (हानि) अनुलग्नक II में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक - I

'अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों का निर्धारण, ईंधन के खुदरा विक्रय मूल्य और ओएमसी के विपणनगत लाभ' के संबंध में संसद सदस्य श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा दिनांक 10.08.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं.2517 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

पेट्रोल और डीज़ल के महीने के औसत खुदरा बिक्री मूल्य (दिल्ली में)

महीना	पेट्रोल का आरएसपी	डीजल का आरएसपी
जनवरी-20	75.01	68.14
फ़रवरी-20	72.23	65.07
मार्च-20	70.15	62.84
अप्रैल-20	69.59	62.29
मई-20	71.04	68.47
जून-20	76.1	74.91
जुलाई-20	80.43	80.97
अगस्त-20	80.95	73.56
सितम्बर-20	81.56	72.26
अक्टूबर-20	81.06	70.46
नवंबर-20	81.31	70.86
दिसंबर-20	83.54	73.70
जनवरी-21	84.89	75.07
फ़रवरी-21	88.83	79.11
मार्च-21	91.06	81.37
अप्रैल-21	90.47	80.80
मई-21	92.32	82.96
जून-21	96.52	87.27
जुलाई-21	101.09	89.71
अगस्त-21	101.74	89.52
सितम्बर-21	101.24	88.80
अक्टूबर-21	105.43	94.07
नवंबर-21	104.57	87.85
दिसंबर-21	95.69	86.67
जनवरी-22	95.41	86.67
फ़रवरी-22	95.41	86.67
मार्च-22	96.51	87.77
अप्रैल-22	105.05	96.31
मई-22	102.61	94.40
जून-22	96.72	89.62
जुलाई-22	96.72	89.62
अगस्त-22	96.72	89.62
सितम्बर 22	96.72	89.62
अक्टूबर-22	96.72	89.62
नवंबर-22	96.72	89.62
दिसंबर-22	96.72	89.62
जनवरी-23	96.72	89.62
फ़रवरी-23	96.72	89.62
मार्च-23	96.72	89.62
अप्रैल-23	96.72	89.62
मई-23	96.72	89.62
जून-23	96.72	89.62
जुलाई-23	96.72	89.62
अगस्त-23	96.72	89.62
सितंबर-23	96.72	89.62
अक्टूबर-23	96.72	89.62
नवंबर-23	96.72	89.62
दिसंबर-23	96.72	89.62
जनवरी-24	96.72	89.62
फ़रवरी-24	96.72	89.62
मार्च-24	95.62	88.52
अप्रैल-24	94.72	87.62
मई-24	94.72	87.62
जून-24	94.72	87.62
जुलाई-24	94.72	87.62
अगस्त-24	94.72	87.62
सितंबर-24	94.72	87.62
अक्टूबर-24	94.72	87.62
नवंबर-24	94.77	87.67
दिसंबर-24	94.77	87.67
जनवरी-25	94.77	87.67
फ़रवरी-25	94.77	87.67
मार्च-25	94.77	87.67
अप्रैल-25	94.77	87.67
मई-25	94.77	87.67
जून 25	94.77	87.67
जुलाई-25	94.77	87.67
अगस्त-25	94.77	87.67
सितम्बर 25	94.77	87.67
अक्टूबर-25	94.77	87.67
नवंबर-25	94.77	87.67
दिसंबर-25	94.77	87.67
जनवरी-26	94.77	87.67
फ़रवरी-26	94.77	87.67
मार्च-26	94.77	87.67
अप्रैल-26	94.77	87.67
मई-26	97.62	90.57
जून 26	102.12	95.20
जुलाई-26	102.12	95.20

स्रोत: पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीऐसी)

अनुलग्नक – II

'अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों का निर्धारण, ईंधन के खुदरा विक्रय मूल्य और ओएमसी के विपणनगत लाभ' के संबंध में संसद सदस्य श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा दिनांक 10.08.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं.2517 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

पीएसयू ओएमसीज़ के कर (पीएटी) के बाद स्टैन्ड अलोन लाभ / (हानि)

(करोड़ रुपये में)

वर्ष	आईओसीएल	बीपीसीएल	एचपीसीएल
2020-21	21,836	19,042	10,664
2021-22	24,184	11,363*	6,383
2022-23	8,242	1,870	(8,974)
2023-24	39,619	26,674	14,694
2024-25	12,962	13,275	7,365
2025-26	36,802	23,303	17,175
2026-27 (Q1)	(2,662)	(3,962)	(11,526)

*बीपीसीएल के 2022-23 के आंकड़ों में बीपीसीएल के साथ मर्जर के बाद बीओआरएल और बीजीआरएल भी शामिल हैं। मर्जर के बाद 2021-22 के बीपीसीएल के आंकड़े यहां फिर से रखे गए हैं।

स्रोत: पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीऐसी)